महत्वपूर्ण एवं खास

आईटीआई रायगढ़ में मेहमान प्रवक्ता के लिए 22 सितम्बर तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। रायगढ़ नोडल अंतर्गत संचालित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं में मेहमान प्रवक्ता (गेस्ट लेक्चरर)के रिक्त 23 पदों के लिए 22 सितम्बर 2022 शाम 5 बजे तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक अभ्यर्थी नियत तिथि एवं समय पर स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत/स्पीड पोस्ट के माध्यम से प्राचार्य/नोडल औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, रायगढ़ में आवेदन कर सकते है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए संस्था के नोटिस बोर्ड में अवलोकन कर सकते है।

पीएचसी रामभांठा में मिल रही लोगों को फिजियोथैरेपी की सुविधा

रायगढ़। कलेक्टर रानू साहू के दिशा-निर्देशन एवं सीएमएचओ डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में आज रायगढ़ शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा में फिजियो थैरेपी दिवस आयोजित किया गया। रामभांठा हेल्थ सेंटर में लोगों को फिजियोथैरेपी के बेहतर लाभ दिये जाने की सुविधा दी जा रही है। जिससे आस-पास तथा शहरी क्षेत्र के लोग इसका बेहतर लाभ ले रहे है। आज फिजियो थैरेपी दिवस पर इसका लाभ लेने के लिये भारी मात्रा में लोग शामिल होकर अपना फिजियो थैरेपी करवाये। जहां गर्भवती महिलाओं को भी व्यायाम कराया गया एवं नवयुवकों को पुश अप और शारीरिक गतिविधि कराया गया। जहां वृद्ध लोगों को छड़ी वितरण किया गया। इस मौके पर रामभांठा हेल्थ वेलनेस सेंटर के सभी स्टॉफ ने भी अपना शारीरिक गतिविधि का प्रदर्शन कर फिजियोथैरेपी करने के लाभ से लोगों को जागरूक किया। शरीर में जो दर्द 40 साल की उम्र के बाद होते थे वे अब 25 की उम्र से ही नजर आने लगे है बिना किसी गंभीर बीमारी के यह दर्द युवाओं की कार्य क्षमता को प्रभावित कर रहा है। जिससे रामभांठा के हेल्थ वेलनेस सेंटर में फिजियो थैरेपी में कंधे का दर्द, कमर दर्द, लकवा मरीज अधिक मात्रा में पहुँचकर फिजियोथैरेपी का लाभ रहे है।

माइनिंग अधिकारी के ठिकानों पर आईटी का छापा

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में आज फिर आयकर विभाग ने छापेमार कार्रवाई की है. आयकर विभाग की टीम ने इस बार जगदपुर में माइनिंग के डिप्टी डायरेक्टर एसएस नाग के घर छापा मारा है. नाग के छत्रपति शिवाजी वार्ड स्थित घर और अन्य ठिकानों पर भी आईटी की टीम ने दबिश दी है. जहां टीम जांच पड़ताल कर रही है. आईटी की टीम दस्तावेज खंगाल रही है। गौरतलब हो कि बीते दिन बुधवार को भी इनकम टैक्स विभाग ने प्रदेश में एक साथ कई कारोबारियों के ठिकानों पर छापेमार कार्रवाई की थी. इस दौरान आईटी ने कारोबारियों के यहां से कई दस्तावेज बरामद किए थे।

अच्छी खबर : रायपुर देश के बेहतर रहने योग्य शहर की सूची में 7 वे नम्बर पर

रायपुर, 08 सितंबर (आरएनएस)। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स 2021 में छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को देश के बेहतर रहने योग्य शहरों की सूची में 7वें नम्बर पर रखा गया है। इस इंडेक्स में पुणे को देश के नम्बर 1 शहर का स्थान प्राप्त हुआ है। गौरतलब हो कि राजधानी रायपुर ने विगत कुछ वर्षों में राष्ट्रीय स्तर पर अपनी अलग पहचान स्थापित की है। पिछले वर्ष भी रायपुर को टॉप 10 शहरों में रखा गया था। केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के ईज ऑफ लिविंग इंडेक्स के अलग-अलग कैटगरी के स्तंभ वार लिस्ट में रायपुर को भौतिक संसाधनों की उपलब्धता हेतु 5वां स्थान मिला है, साथ ही बिलासपुर को संस्थागत कार्यों के लिए 5वें स्थान पर रखा गया है।

सहकारी समिति लैलूंगा और राजपुर के प्रबंधक, ऑपरेटर, फंड और बारदाना प्रभारी पर एफआईआर दर्ज

❑ **धान खरीदी के दौरान पाई गई अनियमितता, कलेक्टर रानू साहू के निर्देश पर हुई कार्यवाही**

रायगढ़। दिनांक 07/09/2022 को थाना लैलूंगा में सहकारिता विस्तार अधिकारी, जिला रायगढ़ आर.के. चौबे द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन जिसमें आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित राजपुर के प्रबंधक त्रिलोचन बेहरा, ऑपरेटर रूद्रेश कुमार, फड प्रभारी शांति यादव के द्वारा वर्ष 2021-22 में धान खरीदी में फर्जी दस्तावेज के आधार पर अनियमितता का उल्लेख है। इस संबंध में शाखा प्रबंधक अपेक्स बैंक लैलूंगा, सहकारिता विस्तार अधिकारी लैलूंगा, मुख्य पर्यवेक्षक अपेक्स बैंक नोडल कार्यालय, एम.एल. अनंत सहकारिता विस्तार अधिकारी के द्वारा समिति के कर्मचारी, धान बेचने वाले किसानों के समक्ष संयुक्त रूप से जांच का कार्य किया गया। जांच में धन उपार्जन केंद्र राजपुर में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 किसान पंजीयन के दौरान किसानो के वास्तविक रकबे के विरूद्ध 71.34 हेक्टेयर फर्जी रकबे की प्रविष्टि करते हुए समिति प्रबंधक त्रिलोचन बेहरा, फड प्रभारी शांति यादव, कम्प्यूटर ऑपरेटर रूद्रेश कुमार द्वारा भारी गडबडी करते हुए फर्जी रकबे का किसानों के ऋण पुस्तिका से सत्यापन एवं ऋण पुस्तिका में धान खरीदी की प्रविष्टि किए बिना अवैध रकबे में धान की खरीदी किया गया है जो कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के धान खरीदी नीति का स्पष्ट उल्लंघन करते हुए शासन को व्यापक आर्थिक क्षति पहुंचाया गया है।

इसी प्रकार सी.एल. पात्रे अपेक्स बैंक शाखा लैलूंगा के शाखा प्रबंधक द्वारा प्रेषित प्रतिवेदन जिसमें आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लैलूंगा के प्रबंधक प्रहलाद बेहरा, ऑपरेटर विष्णु प्रधान, फड प्रभारी झसकेतन प्रधान, बारदाना प्रभारी सतीश कुमार बेहरा के द्वारा वर्ष 2021-22 में धान खरीदी में अनियमितता कर समिति प्रबंधक प्रहलाद बेहरा के द्वारा 1,06,000रू0 अर्जित जाना लेख है।

कार्यालय कलेक्टर (खाद्य शाखा) रायगढ़ द्वारा गठित जाँच दल द्वारा आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लैलूंगा के धान उपार्जन केंद्र लैलूंगा में खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 धान खरीदी के दौरान किसान पंजीयन में अत्यधिक रकबा /खसरा में वृद्धि कर, पंजीकृत कृषको के खाता नंबर एवं आधार नंबर एसा संशोधन कर अवैध धान की बिक्री कर अनुचित रूप से आर्थिक लाभ लिया जाना पाया गया, जिसमें मुख्य रूप से उक्त समिति के प्रबंधक प्रहलाद बेहरा, द्वारा ग्राम कोतरा, के पंजीकृत कृषक के चेक द्वारा 106000.00 रूपये दिनांक 14-02-2022 को स्वयं के खाते में राशि का अंतरण करना, धान खरीदी कार्य में धान उपार्जन निति 2021-22 का अक्षरशः नियमों का पालन नहीं करने टोकन जारी करने के पूर्व सावधानी नहीं बरतने के कारण फड़ प्रभारी झसकेतन प्रधान द्वारा किसानो के ऋण पुस्तिका जाँच कर खरीदी मात्रा का पृष्टभाग में उल्लेखित ना होना, फड़ प्रभारी द्वारा किसानो से ऋण पुस्तिका मांग कर धान बिक्री मात्रा का उल्लेख नहीं किया गया, कम्पूटर ऑपरेटर विष्णु प्रधान द्वारा पंजीकृत रकबे का सत्यापन नहीं कर सीधे धान खरीदी की एंट्री करना तथा पंजीकृत कृषकों के रकबों में वृद्ध की एण्टी की गई है, बारदाना प्रभारी सतीश कुमार बेहरा द्वारा बारदाना का पंजी में संधारण न किया जाना पाया गया केवल आवक पर्ची में दर्ज बारदानों की संख्या के आधार पर बारदाना दिया जाकर बारदाना प्रभारी की मिलीभगत होना पाया गया। दोनों आवेदन पर आरोपियों के विरूद्ध थाना लैलूंगा में क्रमश: 265, 266/2022 धारा 420, 409, 34 IPC के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

मोबाइल टॉवर लगाने पर 1.82 लाख की ठगी, थाना पुसौर में अपराध दर्ज

रायगढ़। दिनांक 08.09.2022 को थाना पुसौर में ग्राम महलोई निवासी आदित्य कुमार मिश्रा (उम्र 28 साल) द्वारा अज्ञात व्यक्ति द्वारा कई अलग-अलग नम्बरों से कॉल कर घर, प्लाट पर मोबाइल टॉवर लगवाने के नाम पर ठगी करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया है।

रिपोर्टकर्ता बताया कि यह NTPC लारा में काम करता है, करीब एक माह पहले 4 अलग-अलग मोबाइल नम्बरों से इसके मोबाईल पर कॉल आया। कॉलर ने कहा कि उसे गांव में मोबाइल कंपनी का टावर लगाना है, इसके लिये घर व प्लाट चाहिये। घर व प्लाट के एवज में प्रति माह 15,000 रूपये व किराया मिलेगा व बोनस तौर पर 15,00,000 रूपये एक साथ मिलेगा। जिसके बाद कॉलर बताया इसके डाक्यूमेंट्स तैयार करने के लिए 10,260 रूपये जमा करना पडेगा। तब अकाउंट से अज्ञात व्यक्ति को फोन पे के माध्यम से आनलाईन रूपये ट्रांसफर किया था। उसके पश्चात कॉलर इंश्युरेंस, NOC और मटेयिल के लिए रकम जमा करना पडेगा कहने पर NOC के लिए 17200 रूपये, इंश्युरेंस के लिए 55,000 रूपये व मटेरियल के लिये 1,00,000 रू कुल योग 1,82,460 रूपये जमा किया। अज्ञात कॉलर द्वारा भरोसा दिलाया कि काम नहीं होने पर संपूर्ण रकम वापस करेगा परंतु काम नहीं हाता देख जब रूपये वापस मांगने लगा। तब मुझे शंका हुआ कि अज्ञात व्यक्ति जालसाजी कर रहा है। तब और रकम आनलाईन ट्रांजेक्शन नही किया फिर अज्ञात व्यक्ति को कॉल करने पर वह रूपये वापस न कर जो करना है कर लो कोई पैसा वापस नही करूंगा बोला। पीड़ित के आवेदन पर अज्ञात मोबाइल धारक के विरूद्ध धोखाधड़ी (420 IPC) का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया है।

मछुआरा समिति व हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देकर करें लाभान्वित- एम.आर. निषाद

❑ **जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित मछुआ सहकारी समितियों की संगोष्ठी में शामिल हुए छ.ग.मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष**

रायगढ़। छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष एम.आर. निषाद की अध्यक्षता में आज जिला पंचायत सभाकक्ष, रायगढ़ में मछुआ सहकारी समितियों की संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में निषाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दृष्टि से विभिन्न प्रकार की योजनाएं बना रही है। जिसमें किसान से लेकर मछुआरे सभी सम्मिलित है। विभागीय अधिकारी मछुआरा समिति एवं हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की समय-समय पर जानकारी प्रदान कर उन योजनाओं से लाभान्वित करने का कार्य करें। जिससे मछुआ समूह आर्थिक दृष्टि से सुदृढ़ हो सके।

आयोजित संगोष्ठी में मत्स्य पालन विभाग से सहायक संचालक एम.के.पाटले एवं जिले के विभिन्न विकास खंडों के मछुआ समितियों के अध्यक्ष उपस्थित रहे। संगोष्ठी में सहायक संचालक मछली पालन पाटले ने जिले में संचालित मत्स्य विभागीय योजनाओं एवं गतिविधियों की जानकारी दी। इसके साथ उन्होंने बताया कि 95 प्रतिशत से अधिक जलाशयों में मछली पालन संबंधित गतिविधियां संचालित की जा रही है। जिले में विभागीय कार्य योजना का सफल क्रियान्वयन किया जा रहा है। इस दौरान रायगढ़, बरमकेला, सारंगढ़, धर्मजयगढ़, तमनार, पुसौर आदि विकास खंडों के मत्स्य समितियों ने मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष के समक्ष समितियों ने जलाशय पट्टा प्रदान करने संबधित अपनी समस्याओं से अवगत कराया। मछुआ समितियों की समस्याओं और सुझाव को शासन स्तर तक पहुंचाने का आश्वासन दिया। छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष निषाद ने कहा कि निस्तारी के लिए तालाबों का चिन्हांकन जैसी विभिन्न प्रकार की समस्याएं हैं। जिससे समय से मछुआ समितियों को समय पर पट्टा नहीं मिलने से समितियों को आर्थिक हानि उठाना पड़ता है। इसके निराकरण व मत्स्य समितियों के हित में जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

हितग्राहियों को प्रदान किया गया सामग्री

आयोजित संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ मछुआ कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष निषाद ने ग्राम कोतमरा निवासी सुंदरलाल सिदार, बाघाडोला निवासी सालिक चौहान, गोतमा निवासी नरसिंह चौहान को मौसमी तालाब में स्पॉन संवर्धन के लिए नर्सरी नेट व ग्राम खेड़आमा निवासी महेश राम भगत, झरन निवासी जैमुनी भोय, टारपाली निवासी गौरी देवांगन को फुटकर मछली विक्रय योजना अंतर्गत आइस बॉक्स तथा ग्राम टारपाली निवासी रानू एक्का व टायंग निवासी ललित मांझी को मत्स्याखेट हेतु महाजाल का वितरण किया गया।

सियानों का आयुर्वेद अस्पताल में हो रहा जतन

❑ **जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के सियान जतन क्लीनिक में आए 61 मरीज**

रायगढ़। आयुष विभाग रायगढ़ के अधीनस्थ संचालित शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में सियान जतन क्लीनिक प्रत्येक माह के गुरूवार को वृद्ध नागरिकों के लिए चलाया जा है। बुजुर्गों को लंबी कतार और परेशानी से निजात दिलाने के लिए राज्य सरकार ने इसी साल अप्रैल माह से सियान जतन क्लीनिक की शुरुआत की है। जिसमें आयुर्वेद, पंचकर्म चिकित्सा, पैथोलॉजी सुविधाएं मौजूद रहती है।आयुर्वेद चिकित्सालय के अतिरिक्त सियान जतन क्लीनिक आयुष विभाग के सभी संस्थाओ में संचालित है। इस क्लीनिक के माध्यम से अभी तक जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में 900 से अधिक सियानों (बुजुर्गों) ने लाभ लिया है। 65 साल के लाभार्भी बुजुर्ग रत्थू राम ने बताया: "दिन निश्चित होने से अब उन्हें आने जाने में समस्या नहीं होती। अब टोकन मिलने के कारण नंबर लगाने की दिक्कत नहीं होती। पेट दर्द और कब्ज की शिकायत उन्हें रहती है जिसका इलाज यहां जारी है। मुफ्त में दवा मिल रही है और मैं इस सियान जतन क्लीनिक से खुश हूं।"

इसी तरह 65 साल के बुजुर्ग रूपधर का कहना है: "यहां अच्छा लगता है। मैं चलने में असमर्थ था बात करने में दिक्कत होती थी। जब से इस क्लीनिक की व्यवस्था हुई है तब से दवा और परामर्श समय से मिल रही है। चलने की समस्या ठीक हो रही है और अब बोलने में दिक्कत नहीं होती।"

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. मीरा भगत ने कहा: "अब यह क्लीनिक निरंतर चल कर अधिक से अधिक रोगियों को लाभान्वित कर रहा है। इसमें वृद्धजनों ,वरिष्ठ नागरिकों, पेंशनर्स को निःशुल्क ओपीडी ,पंचकर्म ,पैथोलाजी की सुविधा दी जाती है। यह वृद्धजनों के लिए है उनके बैठने के लिए खास इंतजाम किये गए हैं। उन्हें किसी तरह की परेशानी न हो इस बात का पूरा ध्यान रखा जाता है। 61 मरीजों ने चिकित्सीय परामर्थ लिया जिसमे 7 पंचकर्म और 11 पैथालॉजी से भी लाभान्वित हुए।

चिकित्सालय प्रभारी डा. नीरज कुमार मिश्रा ने बताया: "वृद्धावस्था में अपने स्वास्थ्य के सुरक्षा की चिंता वृद्धजनों को सबसे अधिक रहती है।उनके लिए यह कोई वरदान से कम नहीं।कोरोना काल में भी यह चिकित्सालय निरंतर अपनी सेवा देता रहा। आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज कराने वालों में बच्चों से लेकर युवा और वृद्ध भी हैं। एक विशेष दिन को हमारे बुजुर्गों के लिए सुरक्षित रखना बड़ी बात है।बुजुर्गों के लिए इस प्रकार की व्यवस्था वो भी आयुर्वेद के क्षेत्र में बेहतरीन शुरुआत है।"

13 सितम्बर से जिले में मनाया जाएगा शिशु संरक्षण माह

रायगढ़। राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार प्रदेश के सभी जिलों में शिशु संरक्षण माह 13 सितंबर से 14 अक्टूबर 2022 तक आयोजित किया जाना है। इस अभियान के दौरान शिशु स्वास्थ्य संर्वधन से संबंधित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की गतिविधियों का सफल संचालन व सेवाओं की प्रदायगी का सुदृढ़ीकरण किया जाना है। शिशु संरक्षण की गतिविधियों में दी जाने वाली सेवाएं-विटामिन ए सीरप आईएफए सीरप, बच्चों का वजन, पोषण आहार की जानकारी, अति गंभीर कुपोषित बच्चों को चिन्हित कर पुर्नवास केंद्रों में भर्ती किये जायेंगे। शिशु संरक्षण माह के दौरान विटामिन ए का घोल 6 माह से 3 वर्ष तक के बच्चों को मितानिन के माध्यम से गृह-भ्रमण सप्ताह में दो बार आईएएफ सीरप पिलायी जानी है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के दिशा निर्देशन में एवं जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.भानु पटेल के मार्गदर्शन रायगढ़ जिले में 13 सितंबर से 14 अक्टूबर 2022 तक शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रात: 9 से शाम 5 बजे तक शिशु संरक्षण माह मनाया जाएगा। इस दौरान सभी पालक 9 माह से 5 वर्ष के सभी बच्चों को विटामिन ए की खुराक 6 माह के अंतराल पर अवश्य पिलवायें, नियमित टीकाकरण से छूटे हुए बच्चे को टीके अवश्य लगवायें। 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों के लिये सप्ताह में 2 बार आयरन सिरप एवं गर्भवती माता के लिए 1 गोली प्रथम तिमाही के पश्चात दी जाएगी। कोविड -19 महामारी को ध्यान में रखकर शिशु संरक्षण माह का आयोजन किया जाएगा।

राज्य के 11 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट

रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मौसम विभाग ने कई जिलों में बारिश का अलर्ट जारी किया है. मौसम विभाग ने 9 जिलों में बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है. राज्य के कोरिया, सूरजपुर, सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, कोरबा, बिलासपुर, पेंड्रा, सुकमा के लिए मौसम विभाग ने बारिश की चेतावनी दी है।

यहां बारिश के साथ ही आकाशीय बिजली गिरने की आशंका भी जताई गई है. इसको लेकर लोगों को सतर्क रहने कहा गया है. मौसम विभाग के अनुमान पर प्रशासन भी सतर्क है।

रायपुर के मौसम वैज्ञानिक एचपी चन्द्रा ने बताया कि मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, गुना, सीधी, अंबिकापुर, झारसुगड़ा, बालासोर, और उसके बाद पूर्व-दक्षिण- पूर्व की ओर उत्तर-पूर्व बंगाल की खाड़ी तक माध्य समुद्र तल पर स्थित है. एक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे लगे दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर 5.8 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है. इसके प्रभाव से अगले 24 घंटे में पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर एक निम्न आपके क्षेत्र बनने की संभावना है।

एसपी चन्द्रा ने बताया कि छत्तीसगढ़ में गुरुवार को अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पडऩे की संभावना है. प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की भी आशंका है. इसके बाद अगले कुछ दिनों तक सामान्य बारिश कई जिलों में हो सकती है. दुर्ग और रायपुर में मौसम गर्म रहने का अनुमान है. यहां उमस भी पड़ सकती है. जिन जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है, वहां प्रशासन भी अलर्ट मोड पर है. यलो अलर्ट के तहत प्रशासन की ओर से नीचले इलाकों में बसी बस्तियों को लेकर विशेष तैयारी की जा रही है।

आंगनबाड़ियों में हो रहा पोषण फैशन वॉक : पोषण के प्रति कर रहे जागरूक बच्चे

रायगढ़। लोगों को पोषण का महत्व बताने एवं सुपोषित आहार से स्वास्थ्य व्यवहार को विकसित करने के लिए जिले के 3,409 आंगनबाड़ी केन्द्रों में राष्ट्रीय पोषण माह का आयोजन किया जा रहा है। 3 सितंबर से शुरू हुए इस पोषण माह में पोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए विविध आयोजन हो रहे हैं। इसी क्रम में रायगढ़ जिले में अनूठी पहल की गयी है यहां के आंगनबाड़ियों में बच्चों से पोषण फैशन वॉक करवाया जा रहा है। जिसमें बच्चे फल-सब्जी की वेशभूषा में आंगनबाड़ी पहुंचकर पोषण फैशन वॉक कर रहे हैं।

बुधवार को महिला एवं बाल विकास की टीम धरमजयगढ़ विकासखंड के दौरे पर थी जहां टीम ने कई आंगनबाड़ियों का दौरा किया और गांव-गांव घूमकर पोषण के लिए किये जा रहे जागरूकता कार्यक्रमों का जायजा लिया। आंगनबाड़ी अमलिटिकरा में कोई पोषण की रानी बना था तो कोई भिंडी राजा तो कोई लुभावना लौकी।

महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी टिकवेंद्र जाटवर ने बताया: "राष्ट्रीय पोषण माह पूरे देश में मनाया जा रहा है। जिले में हम हर वर्ष रचनात्कम तरीके से जागरूकता अभियान का आयोजन करते हैं। पोषण फैशन वॉक इसी में से एक है। नवाचार लोगों को आकर्षित करने में मददगार है और जब वह स्वास्थ्य के लिए हो तो और बेहतर हो जाती है। कोविड काल में भी हमने जागरूकता कार्यक्रम जारी रखे। पोषक पदार्थों युक्त भोजन से कई बीमारियों से व्यक्ति दूर रहता है और यह स्वस्थ जीवन की कुंजी है। इसीलिए बचपन से पोषण आहार के बाहर में सही जानकारी देना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस बार पोषण माह कोविड नियमों के पालन के साथ ही विभिन्न विभागों की सामूहिक सहभागिता के जरिए मनाया जा रहा है।"

विदित हो कि राष्ट्रीय पोषण माह को हर वर्ष विशेष थीम के आधार पर मनाया जाता है। इस वर्ष भी महिला एवं स्वास्थ्य, बच्चा एवं शिक्षा- पोषण भी पढ़ाई भी, जेंडर संवेदी जल संरक्षण एवं प्रबंधन तथा आदिवासी क्षेत्र के महिलाओं एवं बच्चों हेतु परंपरागत आहार की थीम पर यह आयोजित हो रहा है। पोषण माह के दौरान वजन त्योहार में छूटे हुए बच्चों का वजन एवं ऊंचाई मापन, ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और मितानिन द्वारा पोषण संदेशों पर आधारित नारा लेखन, गंभीर एवं मध्यम कुपोषित बच्चों को चिन्हांकित कर उनके पोषण देखभाल संबंधित परिचर्चा इत्यादि होगी। महिला स्वास्थ्य विषय पर कार्यशाला तथा आंगनबाड़ी और स्कूल स्तर पर खेल-खेल में पोषण ज्ञान एवं स्वच्छता कार्यक्रम भी आयोजित हो रहे हैं। ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम एवं रैली निकाली जाएगी। स्वसहायता समूहों के माध्यम से स्थानीय पौष्टिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई जा रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480